## एक नजर में

### रतनपुर सेक्टर कृषकों ने तहसीलदार को ज्ञापन दिया



**उदयनगर।** ग्राम रतनपुर एवं आसपास के कृषकों ने वर्षो से राजस्व विभाग की रिक्त भूमि पर काबिज होकर उसपर खेती कर अपना जीवन यापन कर रहे थे, हाटपिपल्या उद्वहन नर्मदा परियोजना में वनीकरण हेतु शासन द्वारा उक्त भूमि को मुक्त बेदखल करने हेतु नोटिस दिए गए थे, जिसके विरोध में आज रतनपुर क्षेत्र के अनेक कृषकगण तहसील मुख्यालय पहुंच कर, नोटिस निरस्त किए जाने की मांग की है एवं वर्षों से काबिज भूमि का भूमि स्वामी बनाए जाने की अनुशंसा करने की मांग की है, उन्होंने कहा कि हम वर्षों से खेती कर अपना जीवन यापन कर रहे है, हमें इस भूमि का स्वामी शासन ने बनाना चाहिए। तहसीलदार योगेन्द्र सिंह राठौर उदयनगर,, आज रतनपुर के आसपास के शासकीय भूमि पर काबिज कृषक आए थे उनकी बात सुनी गई, शासन स्तर का मामला है,, वरिष्ठ कार्यालय को जानकारी प्रेषित कर दी गई है।

### नगर भ्रमण पर निकले बाबा भंवरनाथ जी महाराज



**भौरासा।** सावन मास के अंतर्गत भगवान श्री भंवरनाथ जी महाराज नगर में दर्शन देने सोमवार को निकले आकर्षक श्रृंगार से सुसज्जित पालकी मे सवार होकर नगरवासियो का हाल जानने निकले बाबा भवर नाथ जी महाराज की पालकी को गुलाब व मोगरे के फूलों से सजाया गया जिसे युवाओं द्वारा पालकी को उठाया गया जो जय बाबा भोलेनाथ कावड़ यात्रा के सदस्यों द्वारा आगे आगे लोगों को माथे पर चंदन लगाया जा रहा था जिसे लोग आगे बढ़कर अपने सिर पर चंदन लगवा रहे थे। बाबा भवरनाथ जी की सवारी के आगे लोगो ने पुष्प वर्षा कर के नगर की सडको को फुलो से पाट दिया। नगर में विभिन्न जगह सवारी का स्वागत किया गया। सावन मास सोमवार को जय बाबा भंवरनाथ कावड़ यात्रा के तत्वाधान में विशाल शाही सवारी निकाली गई। जिसमें ढोल, डीजे, झांझ, मंजीरे के साथ नगर भ्रमण कर बम बम भोले की गूंज के साथ सवारी भंवरनाथ जी मंदिर प्रांगण से शाम 5 बजे से प्रारंभ हुई जो टंकी चौराहा, माली मोहल्ले से होते हुए सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में भगवान भोलेनाथ के मंदिर पर पहुंची। यहां पर पूजन आरती कर बड़े हनुमान चोक पहुची जहा त्रिमूर्ति चौक होते हुए छोटा हनुमान चौक पहुंची छोटा हनुमान चौक मे भंवरनाथ महाराज की सवारी का फूल माला पहनकर पूजन आरती की तत्पश्चात बाबा को फल प्रसाद चढ़ाया गया। सभी भक्तजनों को नगर वासियों को केले का प्रसाद वितरण किया गया।

### पीएम कॉलेज आफ एक्सीलेंस में बीबीए की फीस में कटौत्री

**देवास।** प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस श्री कृष्णाजीराव पवार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवास में पूर्व से संचालित बी.बी.ए. पाठ्यक्रम को उच्चशिक्षा विभाग द्वारा संचालित न करते हुए इस वर्ष से ए.आ.ई.सी.टी.ई. के माध्यम से शासकीय महाविद्यालयों को मान्यता प्राप्त करने के निर्देश जारी किये थे। इस कारण महाविद्यालय को ऑल इंडिया कौसिल ऑफ टैक्निकल एजूकेशन से मान्यता प्राप्त करने में एक बड़ी राशि चुकानी पड़ी है साथ ही विश्वविद्यालय की मान्यता प्राप्त करने की फीस पूर्ववत् चली आ रही है। इस प्रकार से महाविद्यालय पर मात्र मान्यता के लिए शुल्क का दोहरा भार पड़ने के कारण जनभागीदारी समिति के माध्यम से चलने वाले इस स्ववित्तीय पाठ्यक्रम की शुल्क में वृद्धि करना आवश्यक हो गई थी। किंतु बार-बार पालकों, छात्रों, छात्र संगठनों और गणमान्य नागरिकों की अपील पर पुनः जनभागीदारी समिति की बैठक आहूत की गई तथा शुल्क में कटोत्रा करते हुए रु.19280 के स्थान पर 16500रु. किया गया है। जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष मनीष पारीक ने इस अवसर पर छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामना संदेश प्रेषित किया है। फीस कटोत्रे के निर्णय को सूचना पटल पर चस्पा करने के निर्देश प्राचार्य डॉ. एस.पी.एस. राणा ने दिये। जनभागीदारी समिति प्रभारी प्राध्यापक डॉ. आर.के. मराठा ने समिति का आभार माना।

### सेवानिवृत्त कर्मचारियों का सम्मान किया



**देवास।** म.प्र. विद्युत मंडल पेंशनर एसोसिएशन द्वारा अधिवार्षिकी आयु पूर्ण होने पर सेवानिवृत्त कर्मचारियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अरविंद सक्सेना, मुजफ्फर अली सैयद थे। अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। एसोसिएशन के अध्यक्ष हुकुमसिंह सायल ने बताया कि पेंशनर एसोसिएशन देवास द्वारा अधिवार्षिकी आयु पूर्ण होने पर सेवानिवृत्त कर्मचारी गोकुलसिंह सिसोदिया, देवनारायण का स्वागत पुष्पमाला पहनाकर व मुंह मीठा कर किया गया। पेंशनर एसोसिएशन अध्यक्ष एवं अतिथियों ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों की कार्यप्रणाली की प्रशंसा कर उनके आगामी सुखी व स्वस्थ जीवन की कामना की। कार्यक्रम में बी.के.स्वामी, प्रवीण रायगांवकर, मुकुट वर्मा, सुबोध गंगराड़े, अशोक शुक्ला, बी.एल.कुमावत, संजय वैष्णव, मधुकर भंवर, संतोष जंजीरे, मोहनलाल मोदी, मधुसुदन नागर, मानसिंह ऐरवाल, जगदीश मोदी,संतोष कारपेंटर, सुरेश मोदी, रविन्द्र पावड़े, संजय वैष्णव, महेश मोदी, सामीर मोहम्मद, अनिल शर्मा, बापूलाल चौहान, देवेन्द्र पंडित, रमेशचंद्र जोशी, सुनील जैन, अजय गुप्ता, जे.एस. तोमर, रमेशचंद्र यादव, इब्राहिम वारसी आदि उपस्थित थे। आभार सचिव सी.एस.पंवार ने माना।

### जामगोद से अवलिया पिपलिया तक निकाली कावड़ यात्रा

**भौरासा।** सावन के महीने में भगवान शिव की आराधना का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम कावड यात्रा माना जाता है कावड़ यात्रा की शुरुआत पवित्र नदियों और तीर्थ स्थलों से होती है जबकि इसका समापन शिव मंदिरों में भगवान शिव के जलाभिषेक के साथ होता है। मंगलवार को ग्राम जामगोद से प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी ग्राम अवलिया पिपलिया तक बोल बम कावड़ यात्रा निकाली। जिसमें ग्राम अवलिया पिपलिया व पिपलिया राव जामगोद के महिला, पुरुष व बच्चो सहित भक्त जनों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। बाबा भोलेनाथ की कावड़ कंधे के ऊपर रखकर डीजे और ढोल के साथ बाबा की कावड़ यात्रा निकाली गई। जिसमें सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुषों ने भाग लिया। कावड़ यात्रा सुबह 8.30 बजे ग्राम पंचायत जामगोद से प्रारंभ की गई जो पूरे गांव अवलिया पिपलिया में भ्रमण करते हुए खाटू धाम मंदिर अवलिया पिपलिया पर 11.30 बजे पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया गया उक्त जानकारी अनिल शर्मा अवलिया पिपलिया ने दी।

# सीबीआई बनकर शिक्षक को लगाया 21 लाख का चूना






**डिजिटल अरेस्ट गैंग का किया भंडाफोड़**
**सतवास पुलिस ने 6 आरोपी गिरफ्तार किए**

देवास/ सतवास। देवास जिले के सतवास कस्बे में एक सेवानिवृत्त शिक्षक से 21 लाख रुपये की साइबर ठगी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दिल्ली, गाजियाबाद, नीमच, इंदौर और महाराष्ट्र से कुल 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर डिजिटल अरेस्ट गैंग का भंडाफोड़ किया है। पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद ने प्रेसवार्ता में बताया कि आरोपियों ने खुद को सीबीआई अधिकारी बताकर शिक्षक प्रमोद गौर (निवासी सतवास) को वीडियो कॉल किया। कॉल पर उन्हें बताया गया कि उनका नाम एक मनी लॉन्ड्रिंग केस में जुड़ा हुआ है और उनके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट से जांच चल रही है। डर और भ्रम में आए शिक्षक को गिरोह ने डिजिटल अरेस्ट का झांसा देकर मानसिक दबाव बनाया। इसके बाद पीड़ित ने अलग-अलग बैंक खातों में 20.81 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। बाद में जब उन्हें ठगी का अहसास हुआ तो उन्होंने सतवास थाना पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई।

देवास साइबर सेल और सतवास पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में इन आरोपियों के पास से 10 मोबाइल फोन, टैबलेट, लैपटॉप, एटीएम कार्ड, पासबुक और 11.61 लाख की होल्ड राशि बरामद की गई है।

**टेक्नोलॉजी और भ्रम का खतरनाक खेल**

जांच में सामने आया कि गिरोह टेलीग्राम ग्रुप्स के माध्यम से बैंक खाते किराए पर लेते थे और ठगी की रकम का ट्रांजेक्शन इन्हीं खातों में करते थे। आरोपी देशभर में भ्रमण कर इस प्रकार की घटनाओं को अंजाम देते थे और यात्रा के लिए फ्लाइट्स का उपयोग करते थे।

**ये हुए गिरफ्तार**

गिरफ्तार आरोपियों में सोमेश्वर उर्फ सोम, संजय उर्फ संजू उर्फ वैम्पायर, गौरव उर्फ रितिका उर्फ लाला, हर्ष उर्फ पॉटर बॉस, ऋषिकेश और सुनील उर्फ सागर शामिल हैं। इन आरोपियों पर देश के विभिन्न राज्यों में करीब 37 साइबर ठगी के मामले दर्ज हैं।

# सूरजना फाटे पर हादसा, तीन जिंदगियां खत्म





**घायलों को समय पर नहीं मिली मदद, एम्बुलेंस देरी से पहुंची, पुलिस ने वाहन से पहुँचाया अस्पताल**

**देवास।** जिले के पीपलरावां थाना क्षेत्र अंतर्गत सोनकच्छ रोड पर स्थित सूरजना फाटे के पास सोमवार शाम को एक दर्दनाक सड़क हादसे में तीन युवकों की जान चली गई। घटना में तेज़ रफ्तार से आ रही अल्टो कार ने सामने से आ रही बाइक को ज़ोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयानक थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंती में जा गिरी। हादसे में बाइक सवार कमल (निवासी सिरोलिया, जिला शाजापुर) और देवकरण (निवासी नागझिरी) की मौके पर ही मौत हो गई। तीसरे युवक गजराज (निवासी लसूड़िया मेहा, शाजापुर) को गंभीर अवस्था में पहले सोनकच्छ अस्पताल ले जाया गया और वहां से देवास रेफर किया गया। लेकिन इलाज के दौरान उसने भी दम तोड़ दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के बाद घायलों को काफी देर तक मदद नहीं मिल पाई। एम्बुलेंस समय पर मौके पर नहीं पहुंच सकी, जिसके चलते घायल युवकों को पुलिस ने अपने वाहन से अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आ रही है कि कार की तेज़ रफ्तार हादसे का मुख्य कारण बनी। वहीं स्थानीय लोगों में एम्बुलेंस सेवाओं की लचर व्यवस्था को लेकर नाराज़गी देखी गई। इस हादसे ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा और आपातकालीन सेवाओं की तैयारियों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। तीन युवकों की मौत से क्षेत्र में शोक है।

## योग में किंग जॉर्ज स्कूल की खिलाड़ी का चयन



**देवास।** विद्यालय की संचालिका अलका कनौजिया ने बताया कि 03 अगस्त 2025 को शासकीय कन्या महाविद्यालय कॉलेज देवास में योगासन स्पोर्ट चैंपियनशिप का आयोजन हुआ था। जिसमें किंग जॉर्ज स्कूल की छात्रा अलसिफा अली ने सिंगल योगासन सब जूनियर में ब्रॉन्ज मेडल के साथ राज्य स्तरीय योग प्रतियोगिता में चयनित होकर स्कूल का गौरवान्वित किया। योग प्रशिक्षक राहुल बोरासी एवं समस्त स्टाफ ने छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए हार्दिक शुभकामनाएं व बधाइयां दी।

# जमीन विवाद के चलते बुजुर्ग के साथ की मारपीट, एक पर केस दर्ज

**पुराना रास्ते का विवाद चल रहा है**



**सोनकच्छ।** पुलिस ने बताया कि, फरियादी अनिता राठौड़ निवासी खरपड़ी ने उसके भाई अर्जुनसिंह राजपूत के साथ थाने पर आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि, वह उसके पापा छतरसिंह व मम्मी गेंदकुवरबाई के साथ खरपड़ी में नदी के तरफ बने घर पर रहती है। उसके पापा मोटरवाईडिंग का काम करते है जो चोकीदार रामलाल के घर के सामने एक कमरा बना रखा है वही पर पापा काम करते है। काम ज्यादा होने से वहीं पर सो जाते है। सोमवार रात करीबन 8.30 बजे पापा छतरसिंह घर से खाना खाकर दुकान पर काम करने चले गये वे रात करीबन 12.00 बजे उसके भाई अर्जुनसिंह का फोन आया बताया कि तेरे दुकान वाले घर पर चिल्लाचोट हो रही है। इस पर वह तत्काल घर से भागकर दुकान पर गयी देखा गाव का बलराम सिंह उर्फ पिन्टु पिता कचन सिंह राजपूत निवासी ग्राम खरपड़ी का उसके पापा छतरसिंह के साथ मे लाठी और दुकान में रखे औजार से जान से मारने की नियत पर गाली गलौज करते हुए उनके ऊपर लठ से और पापा के काम करने के औजारो को उठा उठाकर बार बार मारपीट कर रहा था। फरियादी ने बीचबचाव करने गयी तो उसे धक्का देकर गिरा दिया, तब फरियादी वहां से भागकर बड़े पापा पोपसिंह, और भाई घनश्याम को उठाकर मौके पर लेकर आयी तभी उसका भाई अर्जुनसिंह, राजेंद्र सिंह व आसपास के लोग भी आ गये थे। तो बलराम उर्फ पिन्टु वहां से भाग गया व जाते जाते बोला कि आज तो ये बच गया है आईदा मेरी जमीन के विवाद में आया तो जान से निपटा दूंगा बलराम सिंह से हमारा जमीन संबंधी पुराना रास्ते का विवाद चल रहा है उसी बात को लेकर आज बलराम सिह ने हमारे दुकान वाले घर का दरवाजा तोडकर अंदर घुसकर उसके पापा के साथ जान से मारने की नियत से उन पर हमला कर मारपीट कर गंभीर चोंटे पहुंचायी है मौके पर पर से फरियादी ने पुलिस को खबर की थी। पुलिस के आने के बाद पापा को लेकर ईलाज के लिये सीधे सरकारी अस्पताल सोनकच्छ लेकर आयी।जहां पर ईलाज के बाद पापा को देवास के लिये रेफर करने पर भाई राजेन्द्र सिंह के साथ उनको देवास के लिये रवाना किया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध प्राण घातक हमले का केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# चाकू अड़ाकर मारपीट करने वाले एक नाबालिग सहित दो पकड़ाए

**भोपाल से इंदौर से आने के लिए टैक्सी बुक कराई थी**



**सोनकच्छ।** 27 जुलाई को फरियादी ब्रजेश लोधी जो कि रविकांत लोधी की कार (एमपी 04 व्हायजी 8739) से सवारियों को लेने के लिए भोपाल में चिरायु अस्पताल के पास पहुंचा था। रात 8.45 बजे 18 से 21 वर्ष की उम्र के 3 लड़के आए, जिन्होंने काले रंग के कपड़े पहने थे और मुंह पर मास्क लगाया था। उन्हें लेकर वह इंदौर के लिए निकला तो रात 11.30 बजे पप्पू रिसोर्ट ढाबा दोलतपुर के पास कहा कि हमारा एक साथी पास के गांव में है, उसे लेना है।

चालक कार को गांव की तरफ ले गया, इस दौरान देवास-भोपाल फोरलेन पर आरोपियों ने चालक के साथ मारपीट की और कार लेकर फरार हो गए। इस मामले में फरियादी ने 29 जुलाई को केस दर्ज करवाया था। एसपी देवास ने आरोपियों को पकड़ने के पुलिस टीम का गठन किया। पुलिस ने आरोपियों की सरगर्मी से तलाश शुरु की। टीआई आशीषसिंह राजपूत ने बताया कि, आरोपी किशन खोटे व 17 वर्षीय एक नाबालिग को हिरासत में लिया है। आरोपियों को पकड़ने में सीसीटीवी फुटेज से अच्छी खासी मदद मिली है। सोनकच्छ में जहां से आरोपियों ने पेट्रोल भरवाया था। वहां से सीसीटीवी फुटेज, उसके बाद चिरायु अस्पताल, नादिरा बस स्टैंड भोपाल के सीसीटीवी, छत्तीसगढ़ के पामगढ़ में लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से आरोपियों तक पहुंचे। यहां उन्होंने पामगढ़ में घर के बाहर गाड़ी को खड़ी किया था। जिसके बाद आसपास के रहवासियों से पूछताछ में आरोपियों की शिनाख्त हुई। राजपूत ने आगे बताया कि, 17 वर्षीय आरोपी को बाल न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे बाल सुधारगृह भेज दिया गया है। वहीं आरोपी किशन खोटे को सोनकच्छ न्यायालय में पेश किया। जहां से न्यायालय ने पुलिस को एक दिन की रिमांड पर आरोपी को सौंपा है। आरोपियों को पकड़ने में एसआई आरके शर्मा, आरसी पोरवाल, प्रआ हरिओम यादव व सत्येंद्रसिंह का विशेष सहयोग रहा।

## फर्जी कॉल से परेशान शिक्षकों ने ज्ञापन सौंपा



**सोनकच्छ।** राज्य शिक्षा विभाग द्वारा सरकारी शिक्षकों को शिक्षक ऐप के माध्यम से ई अटेनडेन्श लगाने का आदेश जारी किया गया है जिसके कारण सोनकच्छ विकास खंड के सोनकच्छ स्थित सीएम राइज स्कूल और उत्कृष्ट विद्यालय के शिक्षकों द्वारा भी ई अटेनडेन्श मोबाइल फोन से लगाई जा रही है लेकिन यह ई अटेनडेन्श शिक्षकों के लिए परेशानी का कारण बन गया है क्योंकि मोबाइल फोन पर ई अटेनडेन्श लगाने के चलते तरह तरह के फर्जी कॉल एवं मेसेज आने लग गए। इस सम्बन्ध में प्राचार्य नेना दुबे ने बताया कि मेरे अलावा, शिक्षक राकेश मोठिया, शिक्षक विक्रम पाटिदार, एवं अतिथि शिक्षक जितेन्द्र अर्वेलादिया, के मो.न पर फर्जी कॉल आ रहा है एवं ओ.टी.पी. एस.एम.एस लगातार आ रहे है। ओर ओ.टी.पी. पूछा जा रहा है। जिससे हमे वित्तीय हानि हो सकती है। एवं हमारा व्यक्तिगत डाटा लिक होने की पूर्ण संभावना है इस घटना से सभी स्टॉफ सदस्य मानसिक तनाव में है। इसी सम्बन्ध में समस्त शिक्षकों द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी के नाम ब्लाक शिक्षा अधिकारी सीएल पेटारी को एक ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर प्राचार्य नेना दुबे, शिक्षक राजेन्द्र गौतम,प्रविण नामदेव आदि शिक्षकगण उपस्थित थे।

## शाहनवाज़ुद्दीन शेख का स्वागत किया



**भौंरासा।** मध्यप्रदेश कबड्डी एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष एवं मप्र के गौरव अवॉर्ड से सम्मानित शाहनवाज़ुद्दीन शेख का भौंरासा नगर आगमन पर वरिष्ठ पत्रकार नाना गुरु के निवास पर स्वागत कर मुलाकात कीष्ट इस अवसर पर पार्षद बहादर सिंह भाटिया, प्रेस क्लब अध्यक्ष मनोज शुक्ला, अभय नागर, इरफान मदनी, सरदार पटेल, फैजान मदनी, इरशाद खान, फुरकान खान आदि ने स्वागत किया।

## पतंजलि योग समिति ने 1000 जड़ी बूटी पौधों का वितरण किया

**देवास।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी पतंजलि योग समिति ने आचार्य बालकृष्ण का जन्मदिन जड़ी बूटी दिवस के रूप में मनाया। सिविल लाइंस में सेन प्रतिमा के सामने एक कार्यक्रम आयोजित कर हरसिंगार, पारिजात, शीशम, मीठा नीम, नीम, आंवला, गिलोय, अश्वगंधा, पत्थरचट्टा, तुलसी, इलाइची, अर्जुन, इंसुलिन,शमी अपराजिता सहित अनेक औषधि पौधों का निशुल्क वितरण किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में नेता प्रतिपक्ष मनीष सेन, समाजसेवी राधेश्याम सोनी थे। मनीष सेन ने अपने उद्बोधन में जड़ीबूटी के विभिन्न पौधों की महत्ता बताई। पौधे वितरित करने से पहले पौधों की विशेषता, उनके जड़ी बूटी गुण व उपयोग का तरीका विस्तार से प्रकाश सिंह ने समझाया। इस अवसर भोलेनाथ नर्सरी के यादव जी का सम्मान किया गया। उनके द्वारा विगत 12 वर्षों से निःशुल्क जड़ी बूटी पौधे समिति को प्राप्त हो रहे है। अतिथियों का स्वागत अनंत जोशी ने किया। इस अवसर कमलेश भारद्वाज, संतोष जोशी, हजारीलाल जाट, विष्णु नागर, गिरधारीलाल पंवार, प्रभात माचवे, अरविंद भट्ट, रीना जैन आदि उपस्थित थे। संचालन संजय जोशी ने किया व आभार अजबसिंह ठाकुर ने माना।



**एक नजर** आगामी कार्ययोजना को लेकर विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई

# पत्रकार सुरक्षा कानून लागू हो इसको लेकर संगठन पूरी ताकत से संघर्ष कर रहा है




**देवास।** मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ जिला इकाई देवास की महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को स्थानीय सर्किट हाउस पर आयोजित की गई। यह बैठक प्रांत अध्यक्ष शलभ भदौरिया (दादाजी) के निर्देश पर संपन्न हुई,जिसमें उज्जैन संभाग अध्यक्ष मनोज जैन विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में देवास जिला अध्यक्ष आनंद गुप्ता और कार्यकारी अध्यक्ष अरविंद चौकसे ने देवास इकाई की गतिविधियों और संगठनात्मक कार्यों की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए संभाग अध्यक्ष को अवगत कराया। अपने प्रेरणादायी संबोधन में संभाग अध्यक्ष मनोज जैन ने कहा कि प्रदेश में पत्रकारों की स्थिति में जो सुधार आया है, उसका श्रेय पूरी तरह से मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ को जाता है। उन्होंने बताया कि कई अहम मांगें संघ के प्रयासों से पूरी हो चुकी हैं, लेकिन पत्रकार सुरक्षा कानून की मांग अब भी अधूरी है, जिसके लिए संगठन पूरी ताकत से संघर्ष कर रहा है। श्री जैन ने बताया कि मुरैना में आयोजित बैठक के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा इस कानून को शीघ्र लागू करने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन अब तक यह वादा अधूरा है। संघ द्वारा प्रदेशभर में पोस्टकार्ड अभियान चलाकर मुख्यमंत्री को उनके आश्वासन की याद दिलाई जा रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि संघर्ष का परिणाम अवश्य मिलेगा। संभाग अध्यक्ष ने कहा कि संगठन एक परिवार की तरह है और सभी सदस्यों को इसकी मजबूती के लिए सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। एक मजबूत वृक्ष अपनी शाखाओं से ही पहचाना जाता है,उन्होंने यह कहकर सदस्यों में नई ऊर्जा का संचार किया। बैठक में आगामी कार्ययोजना को लेकर विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई और सुझावों के आधार पर रूपरेखा बनाकर उसे प्रदेश स्तर पर भेजा जाएगा। बैठक में मौजूद सभी सदस्यों ने श्री जैन का पुष्पमाला पहनाकर व मोमेंटो भेंट कर स्वागत किया।इस अवसर पर देवास जिला इकाई के समस्त पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।आभार सचिव प्रिंस बैरागी ने माना,संचालन जिला महासचिव चेतन राठौड़ ने किया।